






## शांति समिति की बैठक हुई



**निवाली।** नगर ने 15 स्थानों पर नवरात्रि उत्सव का भव्य आयोजन होगा। साथ ही गरबा रास का आयोजन भी किया जाएगा। इसी के तहत थाना परिसर में नवरात्र उत्सव व दशहरे को लेकर बैठक हुई। जिसमें नवरात्रि उत्सव मनाने वाले सभी पंडालों के सदस्यों को बुलाया गया। थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी व निवाली तहसीलदार कार्तिक मौर्य के द्वारा प्रशासन की ओर से आयोजन संबंधी दिशा निर्देशों को बताया गया व आयोजनकर्ताओं से आयोजन संबंधी जानकारी ली गई व आयोजन को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की लिए कहा गया। बैठक में नगर परिषद के केतराम ब्रह्मणे, विद्युत मंडल के सतीश अहिरवार सहित नगर के पंडालों के आयोजनकर्ता पंकज बंसल, अर्पित गोयल, भगवान तंवर, गणेश साबले, चेतन वाणी, विश्वास राठौड़ व नगरवासी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया दीनदयाल रसोई केंद्र का निरीक्षण



**बड़वानी।** नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई योजना का शनिवार को कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रसोई में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था और लाभार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने रसोई के कर्मचारियों से भोजन तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली और स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि दीनदयाल रसोई योजना सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य गरीबों और जरूरतमंदों को रियायती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। इस दौरान एसडीएम भूपेन्द्र रावत, सीएमओ नगर पालिका श्रीमती सोनाली शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## 220 सफाई कर्मियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**बड़वानी।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 20 सितंबर को नगर पालिका परिषद द्वारा सभी सफाई मित्रों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें निकाय में कार्यरत 220 सफाई मित्रों का चिकित्सक टीम द्वारा टीबी, आंख, त्वचा, बीपी, शुगर आदि की जांच कर सभी सफाई मित्रों को उचित सलाह दी गई और दवाई तथा गोलियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कू चौहान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति सोनाली शर्मा, स्वच्छता स्वास्थ्य प्रभारी रामकरण डावर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## चौपाटी विवाद में मां-बेटी ने दुकानदार को पीटा

इंदौर. सराफा बाजार की चौपाटी पर दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया. करीब 5 दिन पुरानी इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इसमें मां-बेटी एक दुकानदार पर डंडे से हमला करती दिख रही हैं. चौपाटी पर दुकान लगाने के लिए दुकानदार गंगवाल और एक महिला के बीच एग्रीमेंट हुआ था. महिला ने अपनी बेटी के साथ मिलकर 2 लाख रुपए एडवांस दिए थे, लेकिन बाद में दुकानदार ने दुकान देने से इनकार कर दिया. जब महिला ने रुपए वापस मांगे तो विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई. दोनों ने दुकानदार की डंडे से पिटाई कर दी. यह पूरी घटना चौपाटी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. मारपीट के बाद मामला थाने पहुंचा, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. सराफा बाजार के अन्य व्यापारी भी थाने पहुंचे और सुलह कराने में जुट गए. अंततः दुकानदार ने महिला को रुपए लौटा दिए. लिखित समझौते के बाद दोनों पक्ष थाने से रवाना हो गए. टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि चौपाटी विवाद में दोनों पक्ष थाने आए थे. शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आपसी सहमति से मामला खत्म कर दिया.

## यातायात पुलिस ने नो इंट्री में पकड़े पांच ट्रक

इंदौर. हाल ही में हुए भीषण हादसे में तीन लोगों की मौत के बाद शहर में नो-एंट्री का उल्लंघन अब जनता और पुलिस दोनों के निशाने पर है. एक तरफ ट्रैफिक पुलिस तेजाजीनगर चौराहे पर तैनात होकर ट्रकों पर पांच-पांच हजार रुपए का जुर्माना ठोक रही थी, वहीं दूसरी ओर भंडारी पुल चौराहे पर आमजन ने खुद आगे बढ़कर नो-एंट्री में दौड़ रहे ट्रक को रोक लिया और ड्राइवर को पुलिस के हवाले कर दिया. तेजाजीनगर पर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर एसीपी हिंदूसिंह मुवैल की टीम ने कार्रवाई की. इस दौरान पांच ट्रक नो-एंट्री में पकड़े गए, जिन पर पांच-पांच हजार रुपए का चालान बना. इनमें से एक सीमेंट मिक्सर और एक आयशर ट्रक को जब्त कर थाना तेजाजीनगर में खड़ा कराया. इसी दौरान खराब सड़क की वजह से रालामंडल पुल के दोनों ओर पांच ट्रक खराब हो गए, जिन्हें हटाने में भी ट्रैफिक पुलिस को खासी मशक्कत करना पड़ी. निर्माण एजेंसी को मौके पर बुलाकर गड्ढे भरने के निर्देश दिए गए. हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने भंडारी पुल चौराहे पर जेलरोड की तरफ जा रहे ट्रक को रोक लिया. इस दौरान महिला सहित कई लोग आगे बढ़कर ट्रक के सामने खड़े हो गए और चालक को पकड़ लिया. ड्राइवर बोला उत्तर प्रदेश का हूं, रास्ता नहीं पता; पुलिस वालों ने ही इधर से भेजा. नाराज लोगों ने सवाल उठाए हादसे के बाद भी नो-एंट्री में ट्रक कैसे घुस गए?, कुछ देर बाद पहुंचे पुलिस के जवानों ने ट्रक को एमजी रोड थाने लेकर गए.

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजना का शुभारंभ

महू. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मध्यभारत अस्पताल (शासकीय सिविल अस्पताल), महू में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजना का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. कविता पाटीदार ने अस्पताल प्रभारी डॉ. एचआर वर्मा की उपस्थिति में किया. उनका स्वागत अस्पताल प्रबंधक अलका राय एवं नर्सिंग ऑफिसर धर्मोज मणि प्रजापति ने किया. कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मोहन सिंह रघुवंशी, भाजपा नगर महामंत्री पूनमचंद कैथवास, भाजपा नेता जीतमल वर्मा, विजय कविश्वर, सरपंच रवि पाटीदार, आरती शर्मा, रचना विजयवर्गीय, संदीप मुकाती, सत्यवीर वर्मा, शुभम पाटीदार, सचिन पाटीदार, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रंजीत स्वामी, नगर अध्यक्ष वैभव श्रीवास, सोनिका दुबे, श्रुति महेश्वरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे. इस मौके पर ब्लड डोनेशन कैंप का शुभारंभ भी किया गया.

## महू में कलश एवं चुनरी यात्रा 24 को

महू. नगर में आगामी 24 सितम्बर को माँ जगदम्बा की कलश एवं चुनरी यात्रा निकाली जाएगी. इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता अंतरसिंह दरबार ने प्रेसवार्ता कर तैयारियों की जानकारी दी. दरबार ने बताया कि यात्रा को ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप देने के लिए लगातार तैयारियाँ चल रही हैं. इस पावन यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में माता-बहनों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु वे स्वयं और उनके समर्थक गाँव-गाँव जाकर निमंत्रण दे रहे हैं तथा बैठकें आयोजित कर श्रद्धालुओं को शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि यात्रा सुबह 10 बजे महेश्वरी विद्यालय से प्रारंभ होकर सात रास्ता स्थित काली माता मंदिर तक जाएगी.


## पटेल बने मप्र मीणा समाज युवा प्रदेश अध्यक्ष

महू/इंदौर. मध्य प्रदेश मीणा समाज प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास रावत ने संगठन में बड़ा दायित्व सौंपते हुए योगेश पटेल को प्रदेश युवा अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति समाज के संरक्षक एवं पूर्व विधायक गणपत पटेल की अनुशंसा पर की गई. योगेश पटेल की नियुक्ति पर समाज के कई वरिष्ठजन और पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं.

# मां वैष्णो देवी मंदिर में होगा भव्य आयोजन, जोर-शोर से चल रही तैयारियां

### विघ्नहर्ता यूनिटी के सहयोग से किया जा रहा है अद्भुत गुफा का निर्माण, सांस्कृतिक कार्यक्रम बनेंगे आकर्षक का केंद्र

**बड़वानी, (नवभारत)।** आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व 22 सितम्बर से प्रारंभ होगा, पर्व को लेकर जिला मुख्यालय के धोबड़िया तालाब स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में विशेष तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष अद्भुत अस्थाई गुफा का निर्माण किया जा रहा है, जो श्रद्धा और कला का अनुपम संगम होगी। इस गुफा का निर्माण विघ्नहर्ता यूनिटी बड़वानी के सहयोग से किया जा रहा है। युवा सदस्य आर्यन



हल्दीवाल, अतुल जमरे, आकुश भावसार, रितिक राठौड़, अमन सबले एवं अन्य सहयोगियों ने दिन-रात एक कर इस आकर्षक गुफा का निर्माण किया है। गुफा में तीन पिंडी स्वरूप में मां वैष्णो देवी की स्थापना की जाएगी, जो भक्तों को दिव्य और मनोहारी दर्शन का अनुभव कराएगी।

#### हजारों श्रद्धालु करेंगे प्रसादी ग्रहण

मंदिर समिति के अनुसार इस अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल भंडारे में इस बार लगभग 35000 से 40000 श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई जा रही है, जो मां की प्रसादी का लाभ उठाएंगे। इस बार नवरात्रि के अवसर पर मंदिर में नव चंडी पाठ का भी आयोजन किया जा रहा है। जो देवी उपासना का अत्यंत प्रभावशाली और आध्यात्मिक आयोजन माना जाता है। इसके अतिरिक्त हर रात गरबा और डांडिया की प्रस्तुतियां भी होंगी।

#### तैयारियों में जुटे, बच्चें और युवा

शहर के विभिन्न गरबा मंडल विशेष रूप से स्वर संगम गरबा मंडल हिस्सा लेगा। नृत्य निर्देशक जया जोशी और शिवानी मारू ने बताया कि बच्चे-बच्चियों से लेकर युवा वर्ग तक गरबा, गायन और वादन की तैयारी में जुटे हैं। डांडियों की गूंज और भक्ति संगीत की लहरों से संपूर्ण शहर नवरात्रि की रात्रियों में भक्तिरस में सराबोर हो जाएगा।

#### मां के जयकारों से गुंजेगा शहर

पूरे नवरात्रि महापर्व के दौरान शहर मां दुर्गा के जयकारों, आरती और भक्ति भाव से गुंजता रहेगा। मंदिर समिति का उद्देश्य है कि जन सहयोग और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से इस आयोजन को न केवल भव्य बल्कि अनुकरणीय बनाया जाए।

**गरबा मंडल लेंगे हिस्सा**

- आयोजन में शहर के कई गरबा मंडल हिस्सा लेंगे।
- आयोजित होंगे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान।

## धूमधाम से आयोजित किया पारंपरिक कार्यक्रम



**बड़वानी, (नवभारत)।** शहर की धर्मशाला नार्मदीय ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने पारंपरिक उत्साह और सांस्कृतिक उमंग के साथ संजा माता का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें महिलाओं व बालिकाओं ने लोक संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को जीवंत कर दिया। महिलाओं ने संजा माता की आकर्षक आकृतियां बनाई, जिसे देखने मोहल्लेभर के लोग एकत्रित हुए।

पारंपरिक गीतों को नए अंदाज में गाकर महिलाओं ने आयोजन में रंग भर दिया। जिससे माहौल जीवंत हो उठा। आपने कहा था गोबर लाने को, बिना बुलाए वो चले आए, जैसे बोलों ने दर्शकों को खूब आनंदित किया और लोगों की तालियों की गूंज ने उत्सव को और खास बना दिया।

आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि स्थानीय समुदाय, महिलाओं की भागीदारी ने सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक संरक्षण का संदेश भी दिया। समापन पर महिलाओं ने एकजुट होकर संजा माता से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन में नार्मदीय समाज की सभी महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

## कन्या खेल परिसर निवाली की 4 छात्राओं का चयन



**निवाली।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संभाग स्तरीय तीरंदाजी क्रिडा प्रतियोगिता झाबुआ में आयोजित की गई। जिसमें शा कन्या खेल परिसर निवाली की 4 छात्राओं का 14 वर्ष में साक्षी आकेश, रविता गिरधन 19 वर्ष में रीमा श्यामलाल, राजनंदिनी कुंवर सिंह का चयन शालेय राज्य तीरंदाजी क्रिडा प्रतियोगिता में हुआ। यह क्रिडा प्रतियोगिता 22 से 26 सितम्बर 2025 तक शुजालपुर में आयोजित की जा रही है। छात्राओं के चयन होने पर सहायक आयुक्त जेएस डामोर, जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश मालवीय, प्राचार्य पीसी शर्मा एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई दी। छात्राओं का चयन व्यायाम शिक्षक संजय चौधरी एवं खेल शिक्षिका मीना कनोजे के मार्गदर्शन में हुआ है।

**एक नजर में** — गुणवत्ता को लेकर निर्माण एजेंसी को दिए आवश्यक निर्देश

## जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल 21 सितम्बर**

जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वसावे ने शनिवार को ग्राम आमदा एवं खड़की पहुंच निर्माण कार्यों का जायजा लेकर निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आमदा में करीब 3800000 की लागत से पंचायत भवन का निर्माण किया जा रहा है। ग्राम के सचिव मोहन सोनी को अच्छी गुणवत्ता वाला मटेरियल उपयोग करने के निर्देश दिए। खड़की में 1800000 की लागत निर्माणाधीन प्राथवि भवन में उपयोग सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की एवं नींव में काली मिट्टी को निकालने के लिए निर्देश दिए। विद्यालय में मौजूद शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से बातचीत कर अध्यापन कार्य के बारे चर्चा की। विनोद वसावे ने बताया कि जिस भवन की नींव मजबूत होती हैं, वह भवन अधिक समय तक मजबूत बना रहता है। इस दौरान अजय लोहारे ने कहा कि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में समय समय पर निर्माण कार्यों का अवलोकन कर निर्माण एजेंसी को निर्देश दिया जाता रहा है।





**शिक्षकों से की चर्चा**

शिक्षकों और विद्यार्थियों से अध्यापन कार्य के बारे में की चर्चा।

## एमवाय अस्पताल में स्वच्छता पखवाड़ा, डीन ने किया निरीक्षण

- स्वच्छता अभियान तेज, निरीक्षण में मिली कमियां

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्रदेशभर में चल रहे स्वच्छता उत्सव के तहत एमवाय अस्पताल परिसर में चौदह दिवसीय सफाई पखवाड़ा शुरू हुआ है. अभियान के दौरान अस्पताल के विभिन्न वार्डों, पार्किंग, गार्डन और कैंपस की सफाई का निरीक्षण किया. जिसमें कई जगहों पर लापरवाही सामने आई. अधिकारियों ने तत्काल सुधार और रोजाना साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.**

स्वच्छता उत्सव के तहत एमवाय अस्पताल में चल रहे चौदह दिवसीय सफाई पखवाड़े के दौरान शुक्रवार को डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया और एसडीएम प्रदीप सोनी ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अस्पताल के भीतर और बाहर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान डीन ने अस्पताल के गार्डन, पार्किंग, पेड़ों की कटाई-छंटाई, चेंबर, टाइल्स सुधार, वार्डों के डक्ट की सफाई, रंग-रोगन और इलेक्ट्रिक सॉकेट ठीक कराने सहित कई बिंदुओं पर सुधार के आदेश दिए. उन्होंने अस्पताल की दीवारों पर रंग कराने, प्रतिदिन सफाई कराने और इसका रिकॉर्ड रखने के लिए एचएलएल कंपनी को निर्देशित किया. डीन ने तलघर से लेकर छठी मंजिल तक साफ-सफाई की स्थिति देखी और खामियां मिलने पर सख्त निर्देश दिए. पहली मंजिल पर टॉयलेट, वॉशरूम डक्ट और पेंट्री के रिनोवेशन का काम जल्द पूरा करने के लिए लोकनिर्माण विभाग के इंजीनियर और ठेकेदार को आदेशित किया.



**स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान अभियान भी रहेगा जारी**

स्वच्छता पखवाड़े के साथ ही 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीम पर एमवाय और एमटीएच अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जा रहे हैं. इसमें महिलाओं की जांच और उपचार वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है. वहीं, रक्तदान शिविरों में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और रक्तदान बस के जरिए संग्रहित रक्त का उपयोग मरीजों के लिए किया जा रहा है. डॉ. घनघोरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को पूरी गंभीरता से लागू किया जाएगा और जनहित की योजनाओं को सुचारू रूप से आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है. निरीक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. बसंत निगवाल, डॉ. जीतेंद्र वर्मा, डॉ. खचारिया, श्री मकवाना, एसडीओ रामकुमार सविता, रमेश जाट और जितेंद्र रावत भी मौजूद रहे.

## टेलीग्राम पर निवेश का झांसा देकर की थी ठगी

### एक आरोपी धराया

**इंदौर.** शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच देकर युवक से डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को राज्य साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी ने ठगी की रकम अपने खाते में ट्रांसफर करवाई थी. उसे आगर मालवा जिले के सुसनेर से दबोचा.

फरियादी ने साइबर पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसे टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर एक वेबसाइट के जरिए निवेश का झांसा दिया. करीब तीन से चार महीने तक लगातार ट्रांजैक्शन करवाकर आरोपियों ने उससे एक करोड़ 41 लाख 95 हजार रुपये हड़प लिए. जांच के दौरान पता चला कि इसमें से साढ़े चार लाख रुपए सुसनेर निवासी आरोपी ने अपने खाते में ट्रांसफर करवाए थे. राज्य साइबर



जोन इंदौर की टीम ने तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी का पता लगाया और 17 सितंबर को उसे उसकी दुकान से गिरफ्तार कर लिया. आरोपी की पहचान 38 वर्षीय प्रशांत नागर, निवासी ग्राम मोड़ी, तहसील सुसनेर, जिला आगर मालवा के रूप में हुई है. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी. अब तक ठगी गई पूरी राशि को होल्ड करा लिया है. इस कार्रवाई में साइबर पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही.

## कलयुगी पिता को जिला कोर्ट ने सुनाई तिहरे आजीवन कारावास की सजा

***पीड़िता और उसकी मुंहबोली मौसी के बयानों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया***

इंदौर. 12 वर्षीय बालिका से दुराचार करने वाले 35 वर्षीय पिता को जिला कोर्ट ने तिहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. कोर्ट ने फैसले में कहा कि आरोपी ने पिता-पुत्री जैसे पवित्र रिश्ते को कलंकित किया है और इस अपराध पर न्यूनतम दंड पर्याप्त नहीं है.

प्रभारी डीपीओ राजेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि जिला अदालत ने 18 सितंबर 2025 को आरोपी को पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए तीन अलग-अलग आजीवन कारावास की सजा सुनाई. कोर्ट ने आरोपी पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया. मामला 21 जुलाई 2024 का है, जब पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. महिला ने बताया कि उसने 2012 में आरोपी से प्रेम विवाह किया था और उनसे दो संतानें हुई 12 वर्षीय बेटी और 6 वर्षीय बेटा. वर्ष 2020 में तलाक के बाद बेटी पिता के पास और बेटा मां के पास रहने लगा. पीड़िता ने बताया कि पिता अकेले होने पर कई बार उसके साथ गलत काम करता रहा. पहली घटना दो साल पहले नए घर में हुई थी, जबकि हाल ही में 15 दिन पहले भी दुराचार हुआ. बालिका ने दो-तीन बार दादी को भी बताया, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की. इसके बाद पड़ोस में रहने वाली मुंहबोली मौसी ने नानी को फोन कर पूरी घटना बताई, इसके बाद पीड़िता की मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. मामले की सुनवाई एक साल तक चली.

**एक नजर में** — मामला वार्ड 79 के कुंदन नगर का


## क्षेत्र में नहीं सीवरेज लाइन, घरों के सामने बहती है गंदगी



**इंदौर. शहर में आए दिन नई कॉलोनियां विकसित हो रही है और यहां के रहवासियों से चुनाव के समय बड़े वादे कर वोट मांगे जाते है लेकिन सुविधाओं के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है. इसके चलते लोगों कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ता है.**

हवा बंगले के आगे शहर की सीमा पर कई कॉलोनियां बस चुकी है. इसी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 79 भी आता है. समस्याओं का एक गंभीर मामला वार्ड के कुंदन नगर में सामने आया है. कुंदन नगर में कही भी सीवरेज लाईन आज तक नहीं डाली गई है. लोगों के घरों के सामने से गंदगी साफ बहती नज़र आती है. यहां से वाहन का गुज़रना तो बहुत ही दूर की बात है, आसानी से पैदल नहीं चला जा सकता. जब क्षेत्र के अंदर सर्वे किया गया तो चारों तरफ कीचड़ और गंदगी फैली दिखाई दी. पत्थरों और ईटों पर पैर रखकर आगे बढ़ना पड़ा. ऐसे परेशानी भेर रास्ते से क्षेत्रवासी हर दिन गुज़रते हैं. बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं. महिलाएं घरों में कैद होकर रह गई है. अधिकांश पुरूष ही घरों के ज़रूरी काम निपटाते है. समस्यओं से जूझ रहे

### इनका कहना है...



आस-पास के क्षेत्रों से बरसात का पानी इस ओर आता है. छोटी या बड़ी सीवरेज लाईन यहां नहीं डाली गई जिस कारण घरों के आगे चौबीसों घंटे इतना पानी बहता है कि परिवार कहीं आ जा नहीं सकते.

**- संतोष कंधोरे**



न तो सीवरेज लाईन और न ही क्षेत्र में पक्की सड़क है. आसपास से गंदा पानी बारह महीने घरों के सामने से बहता रहता है. बरसात में मुसीबतें बढ़ जाती हैं. पानी घरों में घुस जाता है.

**- लक्ष्मी वर्मा**



चलने तक की जगह नहीं है. स्कूल जाते वक्त बच्चे गिरते हैं. पूरे जगह गटर का पानी फैला हुआ है. मच्छर, कीड़ो से कई तरह की बीमारी हो रही है. विकास तो दूर क्षेत्रीय पार्षद ध्यान नहीं देते है. **- दिलीप बंदोरिया**

एक से डेढ़ महीने बाद भूमि पूजन होने वाला है. इसके बाद क्षेत्र में सीवरेज लाइन कार्य और उसके बाद जहां-जहां सड़के नहीं बनी है वहां सड़क कार्य किया जाएगा इन. कार्यों की फाइल पास हो चुकी है.



**- पार्षद लक्ष्मी वर्मा,**